कार्यालय, जिलाधिकारी सोनभद्र ।

पत्रांक –276(4)/सात–भूलेख/ले0नि/2015 दिनांक 17 ,जून2015

विषयः– लेखपाल के रिक्त पदो पर चयन हेतु वर्ष 2015 आदेवन पत्रों को आमंत्रित किये जाने हेतु प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित कराने के सम्बन्ध में।

::————————————::

1–सम्पादक/विज्ञापन व्यवस्थापक,
हिन्दुस्तान समाचार पत्र,
वाराणसी संस्करण, वाराणसी।

2– सम्पादक/विज्ञापन व्यवस्थापक,
दैनिक जागरण समाचार पत्र,
वाराणसी संस्करण, वाराणसी।

3– सम्पादक/विज्ञापन व्यवस्थापक,
अमर उजाला समाचार पत्र,
वाराणसी संस्करण, वाराणसी।

————————————————

कृपया संलग्न प्रेस विज्ञप्ति का सन्दर्भ ग्रहण करें, जो लेखपाल के रिक्त पदो पर चयन हेतु वर्ष 2015 आदेवन पत्रों को आमंत्रित किये जाने के सम्बन्ध में है।

अतः प्रेस विज्ञप्ति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि सरकारी दर पर कम से कम स्थान मे विज्ञप्ति प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः–यथोक्त।

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

पत्रांक व दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपिः– 1– जिला सूचना अधिकारी, सोनभद्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही प्रेषित।

2–जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, सोनभद्र को प्रेस विज्ञप्ति सहित इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रेस विज्ञप्ति को जनपद की वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

प्रेस विज्ञप्ति
राजस्व विभाग, उ0प्र0
लेखपाल भर्ती परीक्षा –2015

जनपद का नाम –सोनभद्र **परीक्षा का नाम : लेखपाल राजस्व**

विज्ञापन संख्या– /भूलेख–प0/2015 दिनांकः जून, 2015

आवेदन पत्र स्वीकार करने (SUBMIT) किये जाने की अन्तिम तिथि – 22जुलाई,2015
परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अन्तिम तिथि – 21जुलाई,2015

प्रतियोगात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर आन लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक 30 अगस्त, 2015 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा आन लाइन प्राप्त किया जा सकता है।

रिक्तियों का विवरण

कम	पदनाम	दिनांक 01.07.2015 को आयु	वेतनमान	कुल रिक्त पदों की संख्या	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ी जाति	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6		8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष	रू0 5200–20200(ग्रेड पे–2000)	190	74	45	5	66	माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा में उत्तीर्ण	1– प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या 2– राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

1– लेखपाल पदों की भर्ती उ0प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथा संशोधित 2014 एवं समय–समय पर जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा।

2– दिनांक 01.07.2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। रिक्त पदों की संख्या को बढ़ाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति, व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित, उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों, उ0प्र0 समाज के विकलांगो तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

3– आन–लाइन फार्म दिनांक 22.06.2015 से दिनांक 22.07.2015 तक जमा किये जा सकेंगे। सामान्य और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से रू0 300/– (+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को रू 150/– (+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई–चालान के माध्यम से जिलाधिकारी, सोनभद्र के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख आन लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4–प्रदेश के सभी जनपदों में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा तथा इस सम्बन्ध मे कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं होगा।

5– परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा, परीक्षा सम्बन्धी जानकारी के सम्बन्ध में तिथि, समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारों को ई–प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थी द्वारा डाउनलोड किया जायेगा जो कि परिषद की वेबसाइट http/ bor.up.nic.in और जिले की वेबसाइट sonbhadra.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा।

6– आन लाइन आवेदन का प्रारूप, आफ लाइन परीक्षा सम्बन्धी निर्देश अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा सम्बन्धी अन्य प्रसांगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण दिनांकः 22.06.2015से परिषद की वेबसाइट http/ bor.up.nic.in पर और जिले की वेबसाइट sonbhadra.up.nic.in पर उपलब्ध हो जायेगा।

अध्यक्ष, चयन समिति/जिलाधिकारी,
सोनभद्र। 17/06/2015